Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**Code No. 038**

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

---

# SOCIAL SCIENCE
# सामाजिक विज्ञान

---

***General Instructions :***

***सामान्य निर्देश :***

***Read the following instructions very carefully and strictly follow them.***

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से उनका अनुपालन करें।***

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घंटे* — *अधिकतम अंक : 80*

**Note / नोट :**

*(i)* *Please check that this question paper contains* **23** *printed pages.*
*कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 23 मुद्रित पृष्ठ हैं।*

*(ii)* *Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
*प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(iii)* *Please check that this question paper contains* **37** *questions.*
*कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में* **37** *प्रश्न हैं।*

*(iv)* ***Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.***
***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(v)* **15** *minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at* **10.15** *a.m. From* **10.15** *a.m. to* **10.30** *a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*
*इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में* **10.15** *बजे किया जाएगा। पूर्वान्ह में* **10.15** *से* **10.30** *बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।*

*(vi)* *This question paper comprises **of six** sections - **Section - A, Section - B, Section - C, Section - D, Section - E and Section - F**. **All** questions are **compulsory**.*
*प्रश्न–पत्र को **छः** खण्डों में विभाजित किया गया है – **खण्ड–क, खण्ड–ख, खण्ड–ग, खण्ड–घ, खण्ड–ङ** एवं **खण्ड–च।** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(vii)* ***Section A** - Question No. **1** to **20** are Multiple choice questions, carrying **1** mark each.*
***खंड – क** में प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(viii)* ***Section B** - Question No. **21** to **24** are very short answer type questions, carrying **2** marks each. Answer to these questions should not exceed **40** words.*
***खंड – ख** में प्रश्न संख्या **21** से **24** तक अति लघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(ix)* ***Section C** - Question No. **25** to **29** are short answer type questions, carrying **3** marks each. Answer to these questions should not exceed **60** words.*
***खंड – ग** में प्रश्न संख्या **25** से **29** तक लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(x)* ***Section D** - Question No. **30** to **33** are long answer type questions, carrying **5** marks each. Answer to these questions should not exceed **120** words.*
***खंड – घ** में प्रश्न संख्या **30** से **33** तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(xi)* ***Section E** - Question No. **34** to **36** are case based questions with three sub-questions and are of **4** marks each.*
***खंड–ङ** में प्रश्न संख्या **34** से **36** तक केस आधारित प्रश्न हैं जिनमें तीन उप–प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है।*

*(xii)* ***Section F** : Question No. **37** is Map Skill Based Question carrying **5** marks with parts **(A)** from History (**2** marks) and **(B)** from Geography (**3** marks)*
***खंड – च** में प्रश्न संख्या **37** मानचित्र कौशल पर आधारित है, यह प्रश्न **5** अंक का है जो कि इतिहास से भाग **(A)** (**2** अंक) तथा भूगोल से भाग **(B)** (**3** अंक) से सम्बन्धित है।*

*(xiii)* *Answer should be in brief and to the point and also, the above word-limit should be adhered to, as far as possible.*
*उत्तर संक्षिप्त तथा बिन्दुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द–सीमा का यथासंभव पालन कीजिए।*

*(xiv)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in some questions. **Only one of** the choices in such questions has to be attempted.*
*प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है। तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में **केवल एक** ही विकल्प का उत्तर लिखिए।*

*(xv)* *Cut the Map from your question paper and attach it with your answer book.*
*प्रश्न–पत्र के अंत में दिए गए मानचित्र को काट कर अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें।*

*(xvi)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*
*इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं।*

## SECTION - A / खण्ड – क

## MULTIPLE CHOICE QUESTIONS / बहु विकल्पीय प्रश्न 1x20=20

**1.** Identify the personality with the help of the clues given below : **1**

(i) He was one of the leaders of the Muslim League.

(ii) He was willing to give up the demand for separate electorates, if Muslims were assured reserved seats in the Central Assembly and in Muslim dominated provinces (Bengal and Punjab).

(a) Sir Mohammad Iqbal (b) Abdul Ghaffar Khan

(c) Mohammad Ali Jinnah (d) Shaukat Ali

नीचे दिए गए संकेतों की सहायता से व्यक्तित्व की पहचान करें :

(i) वह मुस्लिम लीग के नेताओं में से एक थे।

(ii) वह अलग निर्वाचन क्षेत्र की मांग छोड़ने को तैयार थे, अगर मुसलमानों को केन्द्रीय विधान सभा और मुस्लिम बहुल प्रांतों (बंगाल और पंजाब) में आरक्षित सीटों का आश्वासन दिया जाता है।

(a) सर मोहम्मद इक्बाल (b) अब्दुल गफ्फार खान

(c) मोहम्मद अली जिन्ना (d) शौकत अली

**2.** The land left without cultivation for one or less than one agricultural year is called : **1**

(a) Other than current fallow land

(b) Current fallow land

(c) Barren land

(d) Net sown area

वह भूमि जहाँ एक कृषि वर्ष या उससे कम समय से खेती न की गई हो, कहलाती है :

(a) वर्तमान परती भूमि के अतिरिक्त भूमि

(b) वर्तमान परती भूमि

(c) बंजर भूमि

(d) निवल बोया गया क्षेत्र

**3.** According to the given table which country has the third best Gross National Income (GNI) per capita. **1**

Table 1.6 SOME DATA REGARDING INDIA AND ITS NEIGHBOURS FOR 2019.

| **Country** | **Gross National Income (GNI) per capita (2011 PPP $)** | **HDI Rank in the World (2018)** |
|---|---|---|
| SriLanka | 12,707 | 73 |
| India | 6,681 | 130 |
| Myanmar | 4,961 | 148 |
| Pakistan | 5,005 | 154 |
| Nepal | 3,457 | 143 |
| Bangladesh | 4,976 | 134 |

Source : Human Development Report, 2020, United Nations Development Programme, New York.

(a) India (b) Myanmar (c) Nepal (d) Pakistan

दी गई तालिका के अनुसार किस देश का प्रति व्यक्ति तीसरा सबसे अच्छा सकल राष्ट्रीय आय (जी एन आई) है?

तालिका 1.6 वर्ष 2019 के लिए भारत और उसके पड़ोसी देशों के कुछ आँकड़े।

| **देश** | **सकल राष्ट्रीय आय (स.रा.आ) प्रति व्यक्ति अमेरिकी डॉलर में** (2011 **क्रय शक्ति क्षमता**) | **विश्व में मान विकास सूचकांक (एच डी आई) का क्रमांक** (2018) |
|---|---|---|
| श्रीलंका | 12,707 | 73 |
| भारत | 6,681 | 130 |
| म्यांमार | 4,961 | 148 |
| पाकिस्तान | 5,005 | 154 |
| नेपाल | 3,457 | 143 |
| बंगलादेश | 4,976 | 134 |

स्त्रोत : मानव विकास रिपोर्ट, 2020, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, न्यूयार्क.

(a) भारत (b) म्यांमार (c) नेपाल (d) पाकिस्तान

**4.** Why were National Parks established ? **1**

(a) To check desertification

(b) To conduct forest research

(c) To promote poaching

(d) To provide legal protection to endangered species and their habitats

राष्ट्रीय उद्यान क्यों स्थापित किए गए ?

(a) मरुस्थलीकरण की रोकथाम के लिए।

(b) वन अनुसंधान के लिए।

(c) जंगली जानवरों के अवैध शिकार को बढ़ावा देने के लिए।

(d) संकटग्रस्त प्रजातियों और उनके आवासों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने के लिए।

**5.** Democracy promotes : **1**

(i) Political equality

(ii) Social equality

(iii) Concentration of resources among few individuals

(iv) Dignity of the individual

Options :

(a) (i), (iii) and (iv) (b) (i), (ii) and (iii)

(c) (ii), (iii) and (iv) (d) (i), (ii) and (iv)

लोकतंत्र बढ़ावा देते हैं :

(i) राजनीतिक समानता

(ii) सामाजिक समानता

(iii) कुछ व्यक्तियों के बीच संसाधनों का संकेंद्रण

(iv) व्यक्ति की गरिमा

विकल्प :

(a) (i), (iii) और (iv) (b) (i), (ii) और (iii)

(c) (ii), (iii) और (iv) (d) (i), (ii) और (iv)

6. Which group has the highest percentage in the population of Sri Lanka ? **1**

(a) Indian Tamil (b) Srilankan Tamil

(c) Sinhala (d) Dutch

श्रीलंका की जनसंख्या में किस वर्ग का प्रतिशत सर्वाधिक है ?

(a) भारतीय तमिल (b) श्रीलंकाई तमिल

(c) सिंहली (d) डच

7. There are two statements marked as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Read the statements and choose the correct answer from the options given below : **1**

**Assertion (A)** : Chandigarh, Lakshadweep and the capital city of Delhi are called Union Territories.

**Reason (R)** : The state governments has special powers in running these areas.

**Options :**

(a) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(b) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(c) **(A)** is true but **(R)** is false.

(d) **(A)** is false but **(R)** is true.

दो कथन – **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** के रूप में चिन्हित हैं। कथनों को पढ़िए एवं दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A)** : चंडीगढ़, लक्षद्वीप और राजधानी क्षेत्र दिल्ली को केन्द्र शासित प्रदेश कहा जाता है।

**कारण (R)** : राज्य सरकार के पास इन क्षेत्रों में कार्य संचालन के लिए विशिष्ट शक्तियाँ प्राप्त हैं।

**विकल्प :**

(a) **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** दोनों सत्य हैं और **कारण (R), अभिकथन (A)** की सही व्याख्या है।

(b) **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** दोनों सत्य हैं परन्तु **कारण (R)**, **अभिकथन (A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) **अभिकथन (A)** सही है परन्तु **कारण (R)** गलत है।

(d) **अभिकथन (A)** गलत है परन्तु **कारण (R)** सही है।

8. Identify the correctly matched pair. **1**

(a) State list – Foreign affairs

(b) State list – Communication

(c) State list – Police

(d) State list – Defence

सुमेलित युग्म की पहचान कीजिए :

(a) राज्य सूची – विदेशी मामले

(b) राज्य सूची – संचार

(c) राज्य सूची – पुलिस

(d) राज्य सूची – प्रतिरक्षा

9. "If the sentiments of the native speakers of Telugu, Marathi etc. had been disregarded, what we might have here was : One language : 14 or 15 nations." **1**

In the context of the given extract what step was taken by the Indian government to avoid above mentioned situation ?

(a) Enacting Anti defection Law.

(b) Hindi was identified as the official language.

(c) Use of English was stopped for official purposes.

(d) Government agreed to continue the use of English along with Hindi for official purpose.

"अगर तेलगु, मराठी वगैरह बोलने वालों की भावनाओं का ख्याल न रखा गया होता तो यहाँ की स्थिति कुछ इस प्रकार की होती : एक भाषा : 14 या 15 राष्ट्र"।

दिए गए उद्धरण के संदर्भ में उपरोक्त स्थिति से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा क्या कदम उठाया गया ?

(a) दल–बदल कानून लागू करना।

(b) हिन्दी को राजभाषा के रूप में मान्यता दी गई।

(c) सरकारी कार्यों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग बंद कर दिया गया।

(d) सरकार आधिकारिक उद्देश्यों के लिए हिन्दी के साथ–साथ अंग्रेजी का उपयोग जारी रखने पर सहमत हुई।

**10.** What does the given Caricature depicts ? **1**



(a) Secret Society (b) Young Europe

(c) The club of Thinkers (d) Young Italy

दिया गया व्यंग चित्र क्या दर्शाता है ?



(a) गुप्त समाज (b) यंग यूरोप

(c) विचारकों का क्लब (d) यंग इटली

Note : The following Question is for Visually impaired candidate only in lieu of Q. No. **10**.

Which country initiated the formation of a Zollverein in 1834 ?

(a) Italy (b) France (c) Prussia (d) Britain

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **10** के स्थान पर है।

किस देश ने 1834 में जॉलवेराइन की स्थापना की पहल की ?

(a) इटली (b) फ्रांस (c) प्रशा (d) ब्रिटेन

**11.** Identify the correct option which makes sustainable development an important factor for the development of the country. **1**

(i) Conserve resources for future generations.
(ii) Reckless use of resources.
(iii) Not to use renewable resources.
(iv) Judicious use of resources.

(a) (i) and (ii) (b) (i) and (iv) (c) (ii) and (iii) (d) (iii) and (iv)

निम्नलिखित विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प की पहचान कीजिए जो देश के विकास के लिए सतत पोषणीय विकास का महत्वपूर्ण कारक बनाता है।

(i) भावी पीढ़ियो के लिए संसाधनों का संरक्षण।
(ii) संसाधनों का अंधाधुंध उपयोग।
(iii) नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग न करें।
(iv) संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग।

(a) (i) और (ii) (b) (i) और (iv) (c) (ii) और (iii) (d) (iii) और (iv)

**12.** Identify the **correct** statements : **1**

(a) Literacy rate among women is more than men in India.
(b) The representation of women is more than men in the Parliament of India.
(c) The constitution of India prohibits discrimination on the basis of religion.
(d) There is no gender division of labour in India.

**सही** कथन की पहचान कीजिए :

(a) भारत में महिलाओं की साक्षरता दर पुरुषों की अपेक्षा अधिक है।
(b) भारत की संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व पुरुषों की अपेक्षा अधिक है।
(c) भारत का संविधान धर्म के आधार पर भेदभाव की मनाही करता है।
(d) भारत में श्रम का लैंगिक विभाजन नहीं हैं।

**13.** Arrange the following statements in sequential order based on the events related to rise of Nationalism in India. **1**

(i) Depressed Classes Association established.
(ii) Return of Mahatma Gandhi to India from South Africa.
(iii) Poona Pact signed.
(iv) The Hindustan Socialist Republican Army founded.

(a) (i), (iii), (ii), (iv) (b) (iv), (iii), (ii), (i)
(c) (iii), (i), (iv), (ii) (d) (ii), (iv), (i), (iii)

भारत में राष्ट्रवाद के उदय से संबंधित घटनाओं के आधार पर निम्नलिखित कथनों को अनुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें।

(i) दमित वर्ग एसोसिएशन की स्थापना।
(ii) महात्मा गाँधी का दक्षिण अफ्रीका से भारत आगमन।
(iii) पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर।
(iv) हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की स्थापना।

(a) (i), (iii), (ii), (iv) (b) (iv), (iii), (ii), (i)
(c) (iii), (i), (iv), (ii) (d) (ii), (iv), (i), (iii)

**14.** Why do banks keep a small proportion of the deposits as cash with themselves ? **1**

(a) To pay the depositors who come to withdraw money on any given day.

(b) To meet the loan requirements of the people.

(c) To pay salary to their staff.

(d) To extend loan to the poor.

बैंक जमा रकम का एक छोटा हिस्सा अपने पास नकद के रूप में क्यों रखते हैं ?

(a) किसी भी दिन पैसा निकालने आने वाले जमाकर्ताओं को भुगतान करने के लिए।

(b) लोगों की ऋण-आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए।

(c) अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए।

(d) गरीबों को ऋण देने के लिए।

**15.** Consider the statements given below and choose the correct answer. **1**

**Statement (I)** : In France the 'Bibliotheque Bleue' was low priced small books printed on poor quality paper and bound in cheap covers.

**Statement (II)** : In the 1830s, in England, popular works were sold in cheap series, called the Shilling Series.

**Options :**

(a) **Statement (I)** is correct and **Statement (II)** is incorrect.

(b) **Statement (I)** is incorrect and **Statement (II)** is correct.

(c) Both **Statements (I)** and **(II)** are incorrect.

(d) Both **Statements (I)** and **(II)** are correct.

दिए गए कथनों को पढ़े और सही विकल्प चुनें।

**कथन (I)** : फ्रांस में बिब्लियोथीक ब्लयू , सस्ते कागज पर छपी और नीली जिल्द में बंधी छोटी किताबें हुआ करती थीं।

**कथन (II)** : इंग्लैंड में 1830 के दशक में लोकप्रिय किताबें एक सस्ती श्रृंखला – शिलिंग श्रृंखला के तहत बेची गई।

**विकल्प :**

(a) **कथन (I)** सही है और **कथन (II)** गलत है।

(b) **कथन (I)** गलत है और **कथन (II)** सही है।

(c) **कथन (I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

(d) **कथन (I)** और **(II)** दोनों सही हैं।

**16.** David's village is in Jalpaiguri district. His geography teacher was telling them about plantation agriculture and beverage crops of that place. **1**

Identify the crop with the help of the clues given :

(i) This crop requires warm and moist frost, free climate throughout the year.

(ii) It requires abundant, cheap and skilled labour.

(a) Coffee (b) Oil seeds (c) Sugarcane (d) Tea

डेविड का गाँव जलपाईगुडी जिले में है। उनके भूगोल के शिक्षक उन्हें वहाँ की रोपण कृषि और पेय पदार्थ की फसलों के बारे में बता रहे थे।

दिए गए संकेतों की सहायता से फसल की पहचान करें :

(i) इसको उगाने के लिए वर्ष भर कोष्ण, नम और पालारहित जलवायु की आवश्यकता होती है।

(ii) इसके लिए प्रचुर मात्रा में सस्ता और कुशल श्रम चाहिए।

(a) कॉफी (b) तिलहन (c) गन्ना (d) चाय

**17.** As per census 2011, the child sex ratio in India is : **1**

(a) 810 (b) 919 (c) 851 (d) 951

2011 की जनगणना के अनुसार भारत में बाल लिंग अनुपात है :

(a) 810 (b) 919 (c) 851 (d) 951

**18.** Which of the following is an example of the horizontal distribution of power ? **1**

(a) Central Government (b) State Government

(c) Executive (d) Local Self Government

निम्नलिखित में से कौन सा भारत में सत्ता के क्षैतिज वितरण का उदाहरण है ?

(a) केंद्र सरकार (b) राज्य सरकार

(c) कार्यपालिका (d) स्थानीय स्वशासन निकाय

**19.** There are two statements marked as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Read the statements and choose the correct answer from the options given below : **1**

**Assertion (A)** : It is mandatory for every candidate who contests election to file an affidavit giving details of his property and criminal cases pending against him.

**Reason (R)** : People/voters did not have any authentic information about their candidates.

**Options :**

(a) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(b) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(c) **(A)** is true but **(R)** is false.
(d) **(A)** is false but **(R)** is true.

दो कथन, **अभिकथन (A)** एवं **कारण (R)** के रूप में चिन्हित हैं। इन कथनों को पढ़िए एवं नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A)** : चुनाव लड़ने वाले हर उम्मीदवार को अपनी संपत्ति का और अपने खिलाफ चल रहे आपराधिक मामलों का ब्यौरा एक शपथपत्र के माध्यम से देना अनिवार्य कर दिया गया है।

**कारण (R)** : लोगों/मतदाताओं को अपने उम्मीदवारों के बारे में बहुत सी पक्की सूचनाएँ उपलब्ध नहीं थी।

**विकल्प :**

(a) **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** दोनों सत्य हैं और **कारण (R)**, **अभिकथन (A)** की सही व्याख्या है।
(b) **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** दोनों सत्य हैं परन्तु **कारण (R)**, **अभिकथन (A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(c) **अभिकथन (A)** सत्य है परन्तु **कारण (R)** असत्य है।
(d) **अभिकथन (A)** असत्य है परन्तु **कारण (R)** सत्य है।

**20.** Which of the following is correct regarding the outcome of democracy ? **1**

(a) It is unaccountable government
(b) Promoted economic growth uniformly in society
(c) Inequality and poverty has been increased
(d) Accommodates social diversity

निम्नलिखित में से कौन सा लोकतंत्र के परिणाम के संबंध में सही है ?

(a) यह एक गैर उत्तरदायी सरकार है।
(b) समाज के आर्थिक संवृद्धि एवं विकास को समान रूप से फैलाया।
(c) असमानता एवं गरीबी में बडोत्तरी हुई।
(d) सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य बढ़ा।

## SECTION – B / खण्ड – ख

**Very Short Answer Type Questions/अति लघु उत्तरीय प्रश्न** **2x4=8**

**21.** Study the given picture carefully and answer the questions given below : **2**




(A) What is the woman shown in the picture doing ? **1**

(B) What does the paper in her hand refer to regarding reform of political parties ? **1**

दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए। **2**




(A) चित्र में दिख रही महिला क्या कर रही है ? **1**

(B) महिला के हाथ में मौजूद कागज राजनीतिक दलों के सुधार के संबंध में क्या दर्शाता है ? **1**

**Note : The following question is for visually impaired candidates only in lieu of Q.No. 21.**

Mention any two steps of reforming political parties.

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है।**

राजनीतिक दलों के सुधार के लिए किन्हीं दो उपायों का उल्लेख कीजिए।

**22.** Why did thousands flee from Europe to America in the $19^{th}$ Century ? Mention any two reasons. **2**

**OR**

'Trade and culture always went hand in hand.' Explain the statement with suitable examples.

19वीं शताब्दी में हजारों लोग यूरोप से अमेरिका क्यों भाग गए ? किन्हीं दो कारणों का उल्लेख करें।

**अथवा**

'व्यापार एवं सांस्कृतिक आदान प्रदान, दोनों प्रक्रियाएँ साथ-साथ चलती थीं।' उपयुक्त उदाहरणों सहित कथन की व्याख्या कीजए।

**23.** Suman lives in Western Rajasthan. She was telling her friend from Bengal about the type of soil found here, which lacks humus and moisture. **2**
Which type of soil is she talking about and why does it lacks humus and moisture ?

सुमन पश्चिमी राजस्थान में रहती है। वह बंगाल की अपनी सहेली को यहाँ पाई जाने वाली मिट्टी के प्रकार के बारे में बता रही थी जिसमें ह्यूमस और नमी की कमी है।
वह किस प्रकार की मिट्टी की बात कर रही है और इसमें ह्यूमस और नमी की कमी क्यों है ?

**24.** Explain the role of multinational companies in the process of Globalization ? **2**
वैश्वीकरण की प्रक्रिया में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

## SECTION – C / खण्ड – ग

### Short Answer Type Questions/लघु उत्तरीय प्रश्न **3x5=15**

**25.** 'By the $17^{th}$ century, as urban culture bloomed in China, the use of print diversified'. Explain the given statement with the help of three suitable examples. **3**
'सत्रहवीं सदी तक आते-आते चीन में शहरी संस्कृति के फलने-फूलने से छपाई के इस्तेमाल में भी विविधता आई'।
दिए गए कथन को तीन उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से समझाइए।

**26.** Hari along with five other members of his family worked as a farmer and produced 40 tons of wheat. Due to two members getting jobs in nearby town now only three were left, but still remaining members of the family were able to produce 40 tons of wheat. Mention which kind of unemployment the members of the family were facing ? Write two characteristics of this type of unemployment. **3(1+2)**

**OR**

Suggest some measures to protect the workers involved in the unorganised section.

हरि अपने परिवार के पाँच अन्य सदस्यों के साथ एक किसान के रूप में काम करता है और 40 टन गेहूँ का उत्पादन करता है। दो सदस्यों को पास के शहर में नौकरी मिलने के कारण वह केवल तीन ही बचे, लेकिन फिर भी परिवार के शेष सदस्य 40 टन गेहूँ का उत्पादन करने में सक्षम थे। क्या आप बता सकते हैं कि परिवार के सदस्यों को किस प्रकार की बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा था ? इस प्रकार की बेरोजगारी की दो विशेषताएँ लिखिए।


**अथवा**

असंगठित क्षेत्रक में कार्य करने वाले श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कुछ उपाय सुझाइए।

**27.** Analyze the reasons due to which multi–purpose projects and large dams have come under great scrutiny and opposition in recent years. **3**

उन कारणों का विश्लेषण करें जिनकी वजह से हाल के वर्षों में बहुउद्देशीय परियोजनाएँ भारी जाँच और विरोध के घेरे में आ गए हैं।


**28.** The graph given below shows the share of sectors in employment (%) for two years 1972–73 and 2011–12. Analysis the data provided and answer the questions given below : **1+2=3**




(A) Which sector provides least amount of employment ? **1**

(B) How can government tackle the problem of unemployment in semi–rural areas ? Mention any two ways. **2**

नीचे दिया गया ग्राफ दो वर्षों 1972–73 और 2011–12 के लिए रोजगार में क्षेत्रों की हिस्सेदारी (%) को दर्शाता है। उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का विश्लेषण करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें। **1+2=3**




(A) कौन सा क्षेत्रक सबसे कम रोजगार प्रदान करता है ? **1**

(B) सरकार अर्द्ध–ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या का समाधान कैसे कर सकती है ? किन्हीं दो का उल्लेख करें। **2**

29. Mention three reasons why the literacy rate among women is only 54 percent as compared to 76 percent among men ? **3**

तीन कारणों का उल्लेख करें कि महिलाओं में साक्षरता दर, पुरुषों में 76 प्रतिशत की तुलना में, केवल 54 प्रतिशत क्यों है।

## SECTION – D / खण्ड – घ

**Long Answer Type Questions/ दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** **5x4=20**

30. (A) 'Industries contribute significantly to India's economic growth and development, but they are detrimental to the environment'.

In context of the given statement analyse the reasons for air pollution. **5(2+3)**

**OR**

(B) Analyse some measures to control Environmental degradation in India. **5**

(A) 'उद्योग भारत को आर्थिक वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं लेकिन वे पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं'।

दिए गए कथन के संदर्भ में वायु प्रदूषण के कारणों का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

(B) भारत में पर्यावरणीय निम्नीकरण की रोकथाम के लिए किए जाने वाले कुछ प्रयासों का विश्लेषण कीजिए।

31. (A) How did the reinterpretation of history and reviving folklore developed the feeling of Nationalism ? **5(3+2)**

**OR**

(B) What were the effects of the First World War on the economic and political situation of India ? **5**

(A) इतिहास की पुनर्व्याख्या एवं भारतीय लोककथाओं को पुनर्जीवित करने से राष्ट्रवाद की भावना कैसे विकसित हुई ?

**अथवा**

(B) प्रथम विश्व युद्ध का भारत की आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ा ?

32. (A) What criterion has been laid down by the Election Commission of India for a political party to be recognised as a State party and as a National party ? Explain with suitable examples. **5**

**OR**

(B) How do political parties shape public opinion and provide access to government machinery and welfare schemes implemented by government ? **5(3+2)**

(A) किसी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय दल एवं राज्य दल के रूप में मान्यता देने के लिए भारत के चुनाव आयोग द्वारा क्या मानदंड निर्धारित किए गए है ? उपयुक्त उदाहरणों की सहयता से व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

(B) राजनीतिक दल जनमत-निर्माण को कैसे आकार देते हैं और सरकारी मशीनरी और सरकार द्वारा चलाई जाने वाले कल्याण कार्यक्रमों तक लोगों की पहुँच बनाते है ?

33. (A) 'Different people have different notion of development or progress'. Explain the given statement with regard to notion of development for a farmer who depends only on rain for growing crops and an educated youth from rural area who aspires for a better life. **5**

**OR**

(B) What three developmental goals will you lay down for rural labourers ? How will it be different from the development goal of a person living near Tehri dam ? **5(3+2)**

(A) 'अलग-अलग लोगों की विकास या प्रगति के बारे में अलग-अलग धारणाएँ होती हैं'। एक किसान जो फसल उगाने के लिए केवल बारिश पर निर्भर है और ग्रामीण क्षेत्र का एक शिक्षित युवा जो बेहतर जीवन की आकांक्षा रखता है, के विकास की अवधारणा के संबंध में दिए गए कथन की व्याख्या करें।

**अथवा**

(B) ग्रामीण मजदूरों के लिए आप कौन से तीन विकासात्मक लक्ष्य निर्धारित करेंगे ? यह टिहरी बांध के पास रहने वाले व्यक्ति के विकासात्मक लक्ष्य से किस प्रकार भिन्न होगा ?

## SECTION – E / खण्ड – ङ

**Source Based Questions / स्त्रोत आधारित प्रश्न** **4x3=12**

**34.** Read the given extract and answer the questions given below. **4**

Following the defeat of Napoleon in 1815, European governments were driven by a spirit of conservatism. Conservatives believed that established, traditional institutions of state and society – like the monarchy, the Church, social hierarchies, property and the family – should be preserved. Most conservatives, however, did not propose a return to the society of pre–revolutionary days. Rather, they realised, from the changes initiated by Napoleon, that modernisation could in fact strengthen traditional institutions like the monarchy. It could make state power more effective and strong. A modern army, an efficient bureaucracy, a dynamic economy, the abolition of feudalism and serfdom could strengthen the autocratic monarchies of Europe.

(A) What do you understand by the term 'Conservatism' ? **1**

(B) In 1815, representatives of which European powers met at Vienna to draw up a settlement for Europe ? Mention name of any one. **1**

(C) What changes initiated by Napoleon according to conservatives could strengthen the autocratic monarchies of Europe ? **2**

दिए गए उद्धरण को पढ़े और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

1815 में नेपोलियन की हार के बाद यूरोपीय सरकारें रूढ़िवाद की भावना से प्रेरित थीं। रूढ़िवादी मानते थे कि राज्य और समाज की स्थापित पारंपरिक संस्थाएँ; जैसे–राजतंत्र , चर्च, सामाजिक ऊँच–नीच, संपत्ति और परिवार को बनाए रखना चाहिए। फिर भी अधिकतर रूढ़िवादी लोग क्रांति से पहले के दौर में वापसी नहीं चाहते थे। नेपोलियन द्वारा शुरू किए गए परिवर्तनों से उन्होंने यह जान लिया था कि आधुनिकीकरण, राजतंत्र जैसी पारंपरिक संस्थाओं को मज़बूत बनाने में सक्षम था। वह राज्य की ताकत को ज़्यादा कारगर और मज़बूत बना सकता था। एक आधुनिक सेना, कुशल नौकरशाही, गतिशील अर्थव्यवस्था, सामंतवाद और भूदासत्व की समाप्ति–यूरोप के निरंकुश राजतंत्रों को शक्ति प्रदान कर सकते थे।

(A) 'रूढ़िवाद' शब्द से आप क्या समझते हैं ?

(B) 1815 में, किन यूरोपीय शक्तियों के प्रतिनिधियों ने यूरोप के लिए एक समझौता तैयार करने के लिए वियना में मुलाकात की ? किसी एक का नाम लिखिए।

(C) रूढ़िवादियों के अनुसार नेपोलियन द्वारा शुरू किए गए कौन से परिवर्तन यूरोप की निरंकुश राजशाही को मजबूत कर सकते थे ?

**35.** Read the source given below and answer the following questions. **4**

Organic chemicals include petrochemicals, which are used for manufacturing of synthetic fibres, synthetic rubber, plastics, dye–stuffs, drugs and pharmaceuticals. Organic chemical plants are located near at refineries or petrochemical plants. The chemical industry is its own largest consumer. Basic chemicals undergo processing to further produce other chemicals that are used for industrial application, agriculture or directly for consumer markets. The fertilizer industry is centred around the production of nitrogenous fertilizers (mainly Urea), phosphatic fertilizers and ammonium phosphate (DAP) and complex fertilizers which have a combination of Nitrogen (N), Phosphate (P) and Potash (K). Potash is entirely imported as the country does not have any reserves of commercially usable potash or potassium compounds in any form.

(A) Which of the given fertilizer compound of complex fertilizers is not found in India ? **1**

(B) Which industry is its own largest consumer ? **1**

(C) What are organic chemicals used for ? Mention any two uses. **2**

दिए गए स्रोत को पढ़े और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

कार्बनिक रसायनों में पेट्रोरसायन शामिल हैं जो कृत्रिम वस्त्र, कृत्रिम रबड़, प्लास्टिक, रंजक पदार्थ, दवाईयाँ, औषध रसायनों के बनाने में प्रयोग किये जाते हैं। ये उद्योग तेल शोधन शालाओं या पेट्रोरसायन संयंत्रों के समीप स्थापित है। रसायन उद्योग अपने आप में एक बड़ा उपभोक्ता भी है। आधारभूत रसायन एक प्रक्रिया द्वारा अन्य रसायन उत्पन्न करते हैं जिनका उपयोग औद्योगिक अनुप्रयोग, कृषि अथवा उपभोक्ता बाज़ारों के लिए किया जाता है। उर्वरक उद्योग नाइट्रोजनी उर्वरक (मुख्यत: यूरिया) फास्फेटिक उर्वरक (D.A.P.) तथा अमोनियम फास्फेट और मिश्रित उर्वरक जिसमें तीन मुख्य पोषक उर्वरक – नाइट्रोजन (N), फास्फेट (P) व पोटाश (K) शामिल है, के उत्पादन क्षेत्रों के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं। पोटाश पूर्णत: आयात किया जाता है क्योकि हमोर देश में वाणिज्यिक रूप से या किसी भी रूप में प्रयुक्त होने वाला पोटाश या पोटाशियम यौगिकों के भंडार नहीं है।

(A) जटिल उर्वरकों का कौन सा उर्वरक यौगिक भारत में नहीं पाया जाता है ?

(B) कौन सा उद्योग अपने आप में एक बड़ा उपभोक्ता है ?

(C) कार्बनिक रसायनों का उपयोग किस लिए किया जाता है ? किन्हीं दो का उल्लेख करें।

**36.** Read the source given below and answer the questions given below : **4**

Banks loans require proper documents and collateral. Absence of collateral is one of the major reasons which prevents the poor from getting bank loans. Informal lenders such as moneylenders, on the other hand, know the borrowers personally and hence are often willing to give a loan without collateral. The borrowers can, if necessary, approach the moneylenders even without repaying their earlier loans. However, the moneylenders charge very high rates of interest, keep no records of the transactions and harass the poor borrowers.

(A) Mention one of the major reasons which prevents the poor from getting loans from formal credit market ? **1**

(B) Give one factor which makes loans from informal sector easy for the poor. **1**

(C) What is the role played by the Reserve Bank of India with regard to supervision of functioning of formal sources of loans ? **2**

नीचे दिए गए स्त्रोत को पढ़े और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

बैंक से कर्ज़ लेने के लिए ऋणाधार और विशेष कागज़ातों की ज़रूरत पड़ती है। ऋणाधार की अनुपलब्धता एक प्रमुख कारण है, जिससे गरीब बैंकों से ऋण नहीं ले पाते। दूसरी ओर, अनौपचारिक ऋणदाता जैसे साहूकार इन कर्ज़दारों को व्यक्तिगत स्तर पर जानते हैं और इस कारण अक्सर बिना ऋणाधार के भी ऋण देने के लिए तैयार हो जाते हैं। कर्ज़दार ज़रूरत पड़ने पर पुराना ऋण चुकाये बिना भी, नया कर्ज़ लेने के लिए साहूकार के पास जा-सकते हैं। लेकिन, महाजन ब्याज की दरें बहुत ऊँची रखते हैं, लेन-देन की लिखा पढ़ी भी पूरी नहीं करते और निर्धन कर्ज़दारों को तंग करते हैं।

(A) गरीबों को औपचारिक ऋण बाजार से ऋण प्राप्त न कर पाने का एक प्रमुख कारण क्या है ?

(B) एक कारक का उल्लेख करें जो गरीबों के लिए अनौपचारिक क्षेत्र से ऋण लेना आसान बनाता है।

(C) ऋण के औपचारिक स्रोतों के कामकाज की निगरानी के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक की क्या भूमिका है ?

## SECTION - F/ खण्ड – च

### Map Skill Based Question/मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न 5(2+3)

**37.** (A) Two places A and B have been marked on the given outline map of India. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. **2**

(i) Place where Jallianwala Bagh massacre occured. **1**

(ii) Place where Indian National Congress session was held in 1927. **1**

(B) On the same political outline map of India locate and label any three of the following with suitable symbols. **3**

(i) Salal dam

(ii) Namrup Thermal Power Plant

(iii) Indira Gandhi International Airport

(iv) Kandla sea port

(A) दो स्थान A और B दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र में अंकित किए गए है। इन्हें पहचानिए और उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(i) वह स्थान जहाँ जालियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ था।

(ii) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ था।

(B) इसी दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) सलाल बाँध

(ii) नामरूप ताप विद्युत संयंत्र

(iii) इन्दिरा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हवाई पत्तन

(iv) कांडला समुद्री पत्तन

**Note : The following questions are for visually impaired candidates only in lieu of Q.No.37. Attempt any five Questions.**

(37.1) Name the State/Union Territory where Jallianwala Bagh massacre occurred.

(37.2) Name the State/Union Territory where the session of Indian National Congress held in 1927.

(37.3) Name the State/Union Territory where Salal dam is located.

(37.4) Name the State/Union Territory where Namrup Thermal Power Station is located.

(37.5) Name the State/Union Territory where Indira Gandhi International Airport is located.

(37.6) Name the State/Union Territory where Kandla sea port is located.

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित, परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर है। किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(37.1) उस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ जालियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ था।

(37.2) उस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

(37.3) उस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ सलाल बांध अवस्थित है?

(37.4) उस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ नामरूप तापीय ऊर्जा केंद्र स्थित है।

(37.5) उस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है।

(37.6) उस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ कांडला समुद्री पत्तन स्थित है।

**– o O o –**

Map for Q.No. 37 (A) & (B)

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

## Outline Map of India (Political)

